12

# स्लाइड शो को सैट करना (Setting up a Slide Show)


## उद्देश्य (Objectives)

इस पीरियड के अन्त में आप जान पाएँगे:

- स्लाइड पर ट्रांज़ीशन इफैक्ट्स को लागू करना।
- अपने प्रेज़ेन्टेशन में प्रीसेट एनीमेशन जोड़ना।
- स्लाइड्स में कस्टम एनीमेशन इफैक्ट्स को बनाना।
- स्लाइड में टैक्स्ट ऑईटम मोशन पाथ्स या ऑब्जैक्ट्स को ड्रा करना।
- प्रेज़ेन्टेशन को देखना।
- स्लाइड्स को प्रिन्ट करना।

## स्लाइड ट्रांज़ीशन (Slide Transition)

*Slide Transition* एक विशेष मूवमैन्ट इफैक्ट है जिसका उपयोग स्लाइड शो के दौरान स्लाइड का परिचय देने में किया जाता है। ट्रांज़ीशन इफैक्ट उस समय देखने को मिलता है जब आप स्लाइड शो के दौरान एक स्लाइड से दूसरी स्लाइड पर जाते हैं। इस *Slide Transition* टास्क पेन में मौजूद विभिन्न तरह के विकल्पों का इस्तेमाल करके ये इफैक्ट्स जोड़े जा सकते हैं। Slide Show → Slide Transition, से Transition टास्क पेन सक्रिय हो जाता है।




चित्र 12.1: Slide Transition टास्क पेन

- **Apply to selected slides सैक्शन** : यह इफैक्ट्स की लिस्ट दिखाता है, जिन्हें स्लाइड्स पर लागू किया जा सकता है। उदाहरण: Wipe Right
- **Modify transition सैक्शन:**
  - स्पीड **(Speed)** – इसका उपयोग ट्रांज़ीशन स्पीड को सैट करने के लिए किया जाता है। स्पीड की तीन अवस्थाएँ – धीमी (*Slow*), मध्यम (*Medium*) और तेज (*Fast*) होती हैं।
  - साउण्ड **(Sound)** – यह उन साउण्ड फाइल्स को दिखाता है जो स्लाइड्स में जोड़ी जा सकती हैं। उदाहरण: Breeze
- **Advance Slide सैक्शन:**
  - On mouse click – यह विकल्प तब सिलैक्ट किया जाता है जब आप अगली स्लाइड में जाने के लिए माउस को क्लिक करना चाहते हैं।
  - Automatically after – यह विकल्प तब सिलैक्ट किया जाता है जब आप एक निश्चित समय के बाद अगली स्लाइड में अपने आप जाना चाहते हैं। आप *Automatically after* spinner बॉक्स में स्लाइड के दिखाई देने की अवधि को निश्चित कर सकते हैं। समय सैकेण्ड्स या मिनट्स में निश्चित किया जा सकता है।
- **Apply to All Slides:** इस बटन का इस्तेमाल प्रेज़ेन्टेशन में मौजूद सभी स्लाइड्स में सिलैक्ट हुए ट्रांज़ीशन इफैक्ट को लागू करने के लिए किया जाता है।
- **Play button:** यह बटन मौजूदा स्लाइड पर लागू किए गए इफैक्ट्स के साथ इसका प्रिव्यू दिखाता है।
- **Slide Show:** इस विकल्प का उपयोग स्लाइड को फुल स्क्रीन में देखने के लिए किया जा सकता है।
- **AutoPreview:** यह विकल्प, इफैक्ट सिलैक्ट होने के तुरन्त बाद, इफैक्ट लागू की हुई प्रत्येक स्लाइड का प्रिव्यू दिखाता है।


©NIIT

स्लाइड ट्रांज़ीशन को लागू करने के लिए,

1. *Slide Show* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Slide Transition* विकल्प को सिलैक्ट करें। Slide Transition टास्क पेन खुल जाता है।
3. *Speed* ड्राप–डाउन लिस्ट से speed विकल्प को सिलैक्ट करें।
4. *Sound* ड्राप–डाउन लिस्ट से sound विकल्प को सिलैक्ट करें।
5. अगली स्लाइड पर जाने के लिए *On mouse click* विकल्प पर क्लिक करें और स्लाइड शो दिखते समय सिर्फ माउस क्लिक करें to move to the next slide only on mouse click while viewing the slide show (या)

   अगली स्लाइड पर एक निश्चित समय के बाद अपने आप जाने के लिए *Automatically after* विकल्प को सिलैक्ट करें। अब, Automatically after Spinner बॉक्स में समय निर्धारित करें।
6. एक ही तरह की सैटिंग सभी स्लाइड्स पर लागू करने के लिए *Apply to all slides* बटन पर क्लिक करें।
7. स्लाइड का प्रिव्यू देखने के लिए *Play* बटन पर क्लिक करें।

## एनीमेशन (Animations)

स्लाइड में टैक्स्ट और ऑब्जैक्ट्स में एनीमेशन जोड़कर आप अपने प्रेज़ेन्टेशन को और भी आकर्षक बना सकते हैं। स्लाइड में टैक्स्ट और ऑब्जैक्ट्स में विशेष प्रकार के विजुअल और साउण्ड इफैक्ट्स जोड़ सकते हैं। उदाहरण के लिए आपके पास बुलैटिड टैक्स्ट है जिसका एक–एक वर्ड दाँई ओर से फ्लाई कराता है और अब टैक्स्ट फ्लाई करता है तो इसमें चाइम की आवाज़ आती है।

आप स्लाइड पर मौजूद टैक्स्ट, ग्राफिक्स, चार्ट्स या अन्य ऑब्जैक्ट्स में एनीमेशन को जोड़कर अपने प्रेन्टेशन को रोचक बना सकते हैं।

जब आप अपनी स्लाइड्स में एनीमेशन जोड़ते हैं, तो आपके पास टाइमिंग विकल्प की वैराइटी उपलब्ध होती है जो आपको प्रत्येक एनीमेशन आइटम के स्मूथ तरीके से फ्लो और अच्छा दिखने की निश्चिन्तता देता है।

अधिकतर एनीमेशन विकल्पों में खुद से सम्बन्धित चुने इफैक्ट होते हैं।

दो तरह के एनीमेशन्स होते हैं, जिन्हें आप अपने प्रेज़ेन्टेशन में जोड़ सकते हैं।

- प्रीसैट एनीमेशन। (Preset Animation)
- कस्टम एनीमेशन। (Custom Animation)


# प्रीसैट एनीमेशन्स (Preset Animations)

*Preset Animation Scheme* का अर्थ पावर प्वॉईन्ट में पहले से उपलब्ध एनीमेशन स्कीम से है। यह स्कीम आपको स्लाइड्स पर टैक्स्ट या ऑब्जैक्ट्स में प्रीसैट एनीमेशन इफैक्ट्स को जोड़ने की अनुमति देती है। इस कटैगरी में तीन स्कीम्स उपलब्ध होती हैं जिनके नाम हैं सब्टल (*Subtle*), मॉडरेट (*Moderate*) और एक्साइटिंग (*Exciting*)। प्रत्येक स्कीम में स्लाइड टाइटल के लिए और स्लाइड पर मौजूद बुलट्स, पैराग्राफ्स, इमेज़िज या चार्टस पर एप्लाई करने के लिए इफैक्ट्स शामिल होते हैं।

प्रीसैट एनीमेशन स्कीम लागू करने के लिए,

1. *Slide Show* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Animation Schemes* विलल्प को सिलैक्ट करें।
3. टास्क पेन में एनीमेशन स्कीम्स का सैट दिखाई देता है। (देखें चित्र 12.2) ।
4. लिस्ट में से अपनी ज़रूरत की एनीमेशन स्कीम सिलैक्ट करें।

एनीमेशन का प्रिव्यू तुरन्त ही दिखाई देता है। Play बटन पर क्लिक करके किसी भी समय इफैक्ट के प्रिव्यू को देख सकते हैं।




चित्र 12.2: प्रीसैट एनीमेशन स्कीम

फिलहाल में उपयोग हुई केटैगरी Aniamtion Scheme टास्क पेन की Recently Used category के अन्तर्गत हाल में उपयोग हुई एनीमेशन स्कीम्स की लिस्ट मौजूद होती है। डिफॉल्ट रूप से लिस्ट में पाँच आइटम्स दिखाई देते हैं।

| | |
|---|---|
| नोट | स्कीम को सभी स्लाइड्स पर लागू करने के लिए, `Apply to All Slides` विकल्प पर क्लिक करें। |

## कस्टम एनीमेशन्स (Custom Animations)

*Custom Animation* विकल्प का उपयोग करके आप अपनी खुद की एनीमेशन स्कीम्स बना सकते हैं। यह प्रेज़ेन्टेशन के दौरान आपको स्लाइड पर आइटम को कैसे नियन्त्रित किया जाए और आपके अनुसार यह कब दिखे, की अनुमति प्रदान करता है। उदाहरण के लिए आप स्लाइड को माउस क्लिक करके बाँई तरफ फ्लाई करा सकते हैं।

कस्टम एनीमेशन (Custom Animation) उन आइटम्स, स्लाइड, प्लेसहोल्डर या पैराग्राफ पर जिनमें सिंगल बुलैट्स या लिस्ट आइटम्स होते हैं, पर लागू किया जा सकता है। उदाहरण के लिए आप स्लाइड के सभी आइटम्स या एक पैराग्राफ में बुलैटिड लिस्ट पर फ्लाई–इन एनीमेशन लागू कर सकते हैं।


### कस्टम एनिमेशन टास्क पेन (Custom Animations)

*Custom Animation* टास्क पेन आपको अपनी खुद की एनीमेशन स्कीम को बनाने या सिलैक्ट किए हुए इफैक्ट्स को मॉडिफाई करने के विकल्पों को उपलब्ध कराता है।

Custom Animation टास्क पेन को खोलने के लिए,

1. *Slide Show* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Custom Animation* विकल्प को सिलैक्ट करें।

Custom Animation टास्क पेन दिखाई देता है। (देखें चित्र 12.3)।





चित्र 12.3: Custom Animation टास्क पेन



©NIIT

- Custom Animation टास्क पेन में मौजूद **Add Effect** लिस्ट आपको विकल्पों की लिस्ट उपलब्ध कराता है जो आपको स्लाइड में कस्टम एनीमेशन इफैक्ट्स जोड़ने की अनुमति देता है (देखें चित्र 12.4)। जो विकल्प इस लिस्ट में मौजूद होते हैं, वे हैं:
  - Entrance: सिलैक्ट हुए ऑब्जैक्ट को स्लाइड में एन्टर करने के लिए एनीमेशन स्कीम्स सैट करने में इसका इस्तेमाल किया जाता है।
  - Emphasis: इसका इस्तेमाल ऑब्जैक्ट के स्लाइड में एन्टर करने के बाद उसके एनीमेशन को सैट करने के लिए किया जाता है।
  - Exit: इसका इस्तेमाल स्लाइड से बाहर आने के लिए ऑब्जैक्ट के एनीमेशन स्कीम को सैट करने के लिए किया जाता है।
  - Motion Paths: इसका इस्तेमाल ऑब्जैक्ट्स को एक निश्चित पाथ में मूव कराने के लिए किया जाता है।




चित्र 12.4: Add Effects विकल्प

ऊपर दिया गया हर एक विकल्प आमतौर पर उपयोग होने वाले इफैक्ट्स को दिखाता है। आप प्रत्येक केटैगरी के अन्तर्गत मौजूद *More Effects* विकल्प पर क्लिक करके अन्य दूसरे इफैक्ट्स को देख सकते हैं।

- **Start** ड्राप–डाउन लिस्ट का इस्तेमाल एक एनीमेशन इवेन्ट की टाइमिंग स्लाइड पर मौजूद इससे सम्बन्धित अन्य दूसरे इवेन्ट्स के लिए निश्चित करने में किया जाता है।
  - On Click – स्लाइड पर माउस क्लिक करते ही एनीमेशन इवेन्ट शुरू हो जाता है।
  - With Previous – लिस्ट में प्रीवियस आइटम जैसे ही शुरू होता है एनीमेशन का क्रम भी ठीक उसी समय शुरू हो जाता है। (अर्थात, एक माउस क्लिक दो एनीमेशन इफैक्ट्स को एक्ज़ीक्यूट कर सकता है।


©NIIT

- After Previous – लिस्ट में पहले आइटम के खत्म होते ही एनीमेशन का क्रम तुरन्त ही शुरू हो जाता है। (अर्थात, अगला क्रम शुरू करने के लिए आपको अलग से क्लिक नहीं करना पड़ता है)।

- **Property** ड्राप–डाउन लिस्ट विकल्पों की एक लिस्ट उपलब्ध कराती है, जो उस दिशा को निश्चित करता है जिससे एनीमेशन को शुरू होना चाहिए।
- **Speed** विकल्प का उपयोग स्पीड के उस लेवल को निश्चित करने के लिए किया किया जाता है जिस पर टैक्स्ट या ऑब्जैक्ट को शो के दौरान दिखाई देना चाहिए। विभिन्न प्रकार के स्पीड लेवल हैं बहुत धीमे *(Very Slow)*, धीमे *(Slow)*, मध्यम *(Medium)*, तेज *( Fast)* और बहुत तेज *(Very Fast)*।
- **Re-order** विकल्प का उपयोग एनीमेशन्स के क्रम को बदलने के लिए किया जाता है। इफैक्ट्स के साथ ऑब्जैक्ट्स उस आर्डर में Custom Animation लिस्ट में दिखाई देते हैं, जिस आर्डर में आप इन्हें एप्लाई करते हैं। आर्डर बदलने के लिए, आप उस आइटम को सिलैक्ट करें जिसे आप लिस्ट में से मूव कराना चाहते हैं और उसे ड्रैग करके लिस्ट में दूसरी जगह पर ले जाएँ।
- **Play** बटन का उपयोग स्लाइड पेन में एनीमेशन का प्रिव्यू देखने के लिए किया जाता है।

| | |
|---|---|
| नोट | यदि आप इफ़ैक्ट को हटाना चाहते हैं, तो एनीमेशन आइटम को `Custom Animation` लिस्ट में से सिलैक्ट करें और फिर `Custom Animation` टास्क पेन में स्थित [Remove] बटन पर क्लिक करें। |

## कस्टम एनीमेशन को लागू करना (Applying Custom Animation)

कस्टम एनीमेशन (Custom animation) प्रेज़ेन्टेशन को और अधिक आकर्षक और प्रोफेशनल बनाता है जब यूज़र स्लाइड पर मौजूद हर एक आइटम के लिए उपयुक्त इफैक्ट्स चुनने की अनुमति देता है।

कस्टम एनीमेशन लागू करने के लिए,

1. उस स्लाइड को सिलैक्ट करें जिस स्लाइड के टैक्स्ट या ऑब्जैक्ट को आप एनीमेट करना चाहते हैं।
2. उस ऑब्जैक्ट को सिलैक्ट करें जिसे आप एनीमेट करना चाहते हैं।
3. *Slide Show* मेन्यू पर, *Custom Animation* विकल्प पर क्लिक करें।
4. Custom Animation टास्क पेन में, [Add Effect ▾] बटन पर क्लिक करें और ऑब्जैक्ट्स के लिए एक या अधिक एनीमेशन इफैक्ट को चुनें।
5. *Direction* विकल्प को चुनें।
6. अपनी ज़रूरत के *Start* विकल्प को चुनें।



©NIIT

7. *Speed* लिस्ट में स्पीड सैट करें।
8. एनीमेशन का प्रिव्यू देखने के लिए *Play* बटन पर क्लिक करें।

## मोशन पाथ्स (Motion Paths)

Motion पाथ उस पाथ को बताता है जिसका अनुसरण एक निश्चित ऑब्जैक्ट या टैक्स्ट स्लाइड के लिए एनीमेशन क्रम के पार्ट के रूप में करेगा।

मोशन पाथ को एप्लाई या ड्रा करने के लिए,

1. उस टैक्स्ट आइटम या ऑब्जैक्ट को सिलैक्ट करें जिसे आप एनीमेट करना चाहते हैं।
2. *Custom Animation* टास्क पेन में, *Add Effect* बटन पर क्लिक करें और *Motion Paths* विकल्प को सिलैक्ट करें।
3. इसके अन्तर्गत मौजूद विकल्पों का इस्तेमाल करके प्रीसैट मोशन पाथ या कस्टम मोशन पाथ को एप्लाई या लागू करें।
4. जब आप स्लाइड शो देखते हैं तो एनीमेशन, मोशन पाथ में निश्चित किए गए क्रम का अनुसरण करता है।

# प्रेज़ेन्टेशन देखना (Viewing Presentations)

Slide Show विकल्प का इस्तेमाल प्रेज़ेन्टेशन को देखने के लिए किया जाता है। स्लाइड शो व्यू में स्लाइड्स को फुल स्क्रीन के रूप में देखने के लिए इसमें साउण्ड और मूवमैन्ट के साथ लागू किया जाता है।

स्लाइड शो देखने के लिए,

3. *Side Transition* टास्क पेन में *Slide Show* बटन पर क्लिक करें। (देखें चित्र 12.1).
4. अगली स्लाइड पर जाने के लिए माउस क्लिक करें यदि आपने विकल्प को चुना है (या) प्रेज़ेन्टशन को अपने आप चलाने के लिए निश्चित किए गए समय का इंतजार करें यदि आपने विकल्प को चुना है।
5. एकबार जब प्रेज़ेन्टेशन पूरा हो जाता है तो प्रेज़ेन्टेशन से बाहर आने के लिए स्क्रीन में कहीं भी क्लिक करें।

- *Slide Transition* टास्क पेन में मौजूद *Slide Show* बटन और view बार में मौजूद *Slide show* आइकन मौजूदा स्लाइड से प्रेज़ेन्टेशन दिखाएँगे।
- पूरा प्रेज़ेन्टेशन देखने के लिए मेन्यू बार से *Slide Show → View Show* बटन पर क्लिक करें।



©NIIT


नोट कीबोर्ड से *F5* की को प्रेस करके भी आप स्लाइड शो को देख सकते हैं। प्रेज़ेन्टेशन से बाहर आने के लिए आप कीबोर्ड से *Escape* की को प्रेस कर सकते हैं।

## स्लाइड्स को प्रिन्ट करना (Printing Slides)

प्रेज़ेन्टेशन की स्लाइड्स को पेपर पर प्रिन्ट किया जा सकता है। आपके कंप्यूटर से जुड़े प्रिन्टर का इस्तेमाल से स्लाइड्स को प्रिन्ट करना सम्भव है। आप Print डायलॉग बॉक्स में मौजूद विकल्पों का इस्तेमाल करके प्रिन्ट होने वाली स्लाइड्स और प्रिन्ट होने वाली कॉपियों की संख्या को निश्चित किया जा सकता है।

स्लाइड्स को प्रिन्ट करने के लिए–

1. *File* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. Select the *Print* विकल्प को सिलैक्ट करें। *Print* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।




चित्र 12.5: Print डायलॉग बॉक्स

3. *Print range* सैक्शन में प्रिन्ट करने के लिए स्लाइड्स को निश्चित करें।
   - All – इसका उपयोग प्रेज़ेन्टेशन में मौजूद सभी स्लाइड्स को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
   - Current slide – इसका उपयोग उस मौजूदा स्लाइड्स को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है जिस पर आप काम कर रहे हैं।
   - Slides – इसका उपयोग सिलैक्ट की हुई स्लाइड्स को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है। स्लाइड नम्बर्स को Slides विकल्प से अगले वाले टैक्स्ट बॉक्स में स्लाइड नम्बर्स को निश्चित किया जा सकता है।
4. *Copies* सैक्शन में प्रिन्ट होने वाली कॉपियों की संख्या को निश्चित किया जाता है।

5. *Print what*: ड्राप – डाउन लिस्ट से अपनी ज़रूरत के विकल्प को सिलैक्ट करें। इस लिस्ट में चार विकल्प होते हैं। वे हैं:
    - Slides – इसका उपयोग पेज़ में मौजूद प्रत्येक स्लाइड को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
    - Handouts – इसका उपयोग पेज़ में मौजूद एक से अधिक स्लाइड को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है। सैक्शन में हर पेज़ पर मौजूद स्लाइड्स की संख्या और स्लाइड्स को प्लेस करने की दिशा को निश्चित किया जाता है।
    - Notes Page – इसका उपयोग स्लाइड्स के नीचे के नोट्स को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है। पेज़ स्लाइड के मिनीएचर और इसके नीचे के नोट्स को दिखाएगा।
    - Outline view – इसका उपयोग स्लाइड में सिर्फ टैक्स्ट को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
6. *Color/grayscale* ड्राप–डाउन लिस्ट से अपनी ज़रूरत का रंग सिलैक्ट करें।
    - Color – इसका उपयोग रंगीन स्लाइड्स प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
    - Grayscale – इसका उपयोग स्लाइड्स को काले और सफेद शैड्स में प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
    - Pure Black and White – इसका उपयोग स्लाइड को पूरे काले या पूरे सफेद रंग में प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।
7. प्रिन्टआउट कैसा दिखेगा इसके लिए *Preview* बटन पर क्लिक करें।
8. प्रिन्ट करने के लिए *OK* बटन पर क्लिक करें।

Print डायलॉग बॉक्स में कुछ और विकल्प होते हैं। ये विकल्प ज़रूरत होने पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं और ये वैकल्पिक होते हैं।

**Scale to fit paper:** इसका उपयोग स्लाइड इमेज़ के आकार को अपने आप कम या ज़्यादा प्रिन्ट किए गए पेज़ को भरने के लिए किया जा सकता है।

**Frame Slides:** इसका उपयोग स्लाइड्स, हैण्डआउट्स, और नोट्स पेज़िज के बार्डर के चारों ओर एक पतला फ्रेम जोड़ने के लिए किया जा सकता है।

**Include comment pages:** इसका उपयोग स्लाइड के साथ मौजूद कमैन्ट्स को प्रिन्ट करने के लिए किया जाता है।

## चर्चा के लिए(To Discuss)

रिक्त स्थान भरिए **(Fill in the blanks)**

1. तीन ट्रांज़ीशन स्पीड्स जो सैट की जा सकती हैं वे हैं धीमी__________, __________ और__________.



©NIIT

2. Slide Transition टास्क पेन में मौजूद————————बटन लागू किए गए इफैक्ट्स के साथ मौजूदा स्लाइड के प्रिव्यू को दिखाता है।
3. स्लाइड शो के दौरान अपने आप अगली स्लाइड पर जाने के लिए, Slide Transition टास्क पेन में से————————विकल्प को चुनें।
4. स्लाइड शो देखने के लिए————————कीबोर्ड विकल्प है।
5. सभी स्लाइड्स को प्रिन्ट करने के लिए आपको Print डायलॉग बॉक्स पर मौजूद ————————सैक्शन में से All विकल्प को चुनने की ज़रूरत पड़ती है।
6. ________________ का संदर्भ इस्तेमाल के लिए पहले से मौजूद एनिमेशन स्कीम्स से है।
7. ________________ नामक कैटेगरी हाल की इस्तेमाल हुईं एनीमेशन स्कीम्स की लिस्ट को रखती है।
8. ________________ नामक विकल्प का इस्तेमाल ऑब्जैक्ट के स्लाइड में एन्टर करने के बाद एनीमेशन को सैट करने के लिए किया जाता है।
9. ________________ विकल्प का इस्तेमाल एनीमेशन्स के क्रम को बदलने के लिए किया जाता है।
10. ________________ बटन का उपयोग स्लाइड पेन में एनीमेशन का प्रिव्यू देखने के लिए किया जाता है।

## अब आप जानते हैं (Now You Know)

- प्रेज़ेन्टेशन में स्लाइड्स पर ट्रांज़ीशन इफैक्ट्स लागू करना।
- ट्रांज़ीशन इफैक्ट लागू करने के लिए Slide Show→ Slide Transition पर क्लिक करें। Slide Transition टास्क पेन के विकल्पों को उपयोग करके स्लाइड्स पर विभिन्न ट्रांज़ीशन इफैक्ट्स लागू किए जा सकते हैं।
- स्लाइड ट्रांज़ीशन पर Sound इफैक्ट्स को भी जोड़ा जा सकता है।
- On mouse click विकल्प और Update automatically विकल्पों का इस्तेमाल स्लाइड शो के दौरान स्लाइड को कस्टमाइज़ करके इससे परिचित होने के लिए किया जाता है।
- Slide Show बटन को क्लिक करके स्लाइड शो को देखा जा सकता है। Play बटन पर क्लिक लागू इफैक्ट्स के साथ स्लाइड का प्रिव्यू देखा जा सकता है।
- स्लाइड्स के प्रिन्टआउट लेने के लिए File → Print पर क्लिक करें।
- Print डायलॉग बॉक्स में विभिन्न प्रिन्ट विकल्पों को कस्टमाइज़ किया जा सकता है। Print डायलॉग बॉक्स में प्रिन्ट होने वाली कॉपियों की संख्या, प्रिन्ट होने वाली स्लाइडों की संख्या, प्रिन्ट होने के लिए निश्चित किया जाने वाला रंग जैसा विवरण दिया जा सकता है।
- Print विकल्प का इस्तेमाल हैण्डआउट्स, नोट्स और स्लाइड्स के आउटलाइन व्यू को प्रिन्ट करने के लिए भी किया जाता है।

- स्लाइड में विशेष विज़ुअल या साउण्ड इफैक्ट को टैक्स्ट या आब्जैक्ट में जोड़ा जा सकता है।
- दो तरह के एनीमेशन्स को प्रेज़ेन्टेशन में जोड़ा जा सकता है, जिनके नाम हैं,
  - प्रीसैट एनीमेशन (Preset animation)
  - कस्टम एनीमेशन (Custom animation)
- Preset एनीमेशन आपको स्लाइड्स पर टैक्स्ट या ऑब्जैक्ट्स में विज़ुअल इफैक्ट्स जोड़ने की अनुमति देता है।
- Custom एनीमेशन स्कीम आपको प्रेज़ेन्टेशन के दौरान स्लाइड पर आइटम कैसे और कब दिखें, यह नियंत्रित करने की अनुमति देता है।
- The Add Effect लिस्ट विकल्पों की लिस्ट उपलब्ध कराता है जो आपको स्लाइड्स में कस्टम एनीमेशन इफैक्ट्स जोड़ने की अनुमति देती है।
- Custom Animation टास्क पेन आपको खुद की एनीमेशन स्कीम या सिलैक्ट किए गए इफैक्ट्स को बनाने के लिए विकल्पों को उपलब्ध कराता है।
- Motion पाथ उस पाथ को बताता है जिसका अनुसरण एक निश्चित ऑब्जैक्ट या टैक्स्ट स्लाइड के लिए एनीमेशन क्रम के पार्ट के रूप में करेगा।

## करने के लिए (To Do)

"Pollution" पर प्रेज़ेन्टेशन बनाएँ :

1. पहली स्लाइड में, 'Pollution' नामक टाइटल को इन्सर्ट करें।
2. दूसरी स्लाइड में विभिन्न तरह के पॉल्यूशन ('Types of pollution') की लिस्ट बनाएँ।
3. तीसरी लिस्ट में हर तरह के प्रदूषण (Pollution) के कारणों ('Causes') की लिस्ट बनाएँ।
4. *Slide Transition* task टास्क पेन को खोलें।
5. 'News Flash' ट्रांज़ीशन इफैक्ट को लागू करें।
6. *Speed* को 'Slow', और *Sound* को 'Wind' पर सैट करें।
7. *Advance Slide* विकल्प को 'Automatically after' पर और टाइमिंग को 2 सैकण्ड पर सैट करें।
8. ट्रांज़ीशन इफैक्ट को प्रेज़ेन्टेशन में मौजूद सभी स्लाइड्स पर लागू करें और स्लाइड शो को देखें।